प्रश्न पुस्तिका / QUESTION BOOKLET

# DB29

पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या/ Number of Pages in Booklet : 24

इस परीक्षा पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए।
Do not open this test booklet until you are asked to do so.

पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या/ Number of Questions in Booklet : 120

समय/ Time : 2.00 घंटे Hours

पूर्णांक/ Maximum Marks : 200

Question Booklet Number
प्रश्न पुस्तिका क्रमांक

## अनुदेश

1. प्रश्न पत्र को हल करने से पहले, कृपया अपनी प्रश्न पुस्तिका और ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक की जाँच करें और सुनिश्चित करें कि :
   - प्रश्न पुस्तिका और ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक की क्रम संख्या समान है।
   - प्रश्न पुस्तिका के सभी पृष्ठ ठीक से मुद्रित है और सभी पृष्ठों पर सारे प्रश्न मुद्रित है।

   किसी भी विसंगति/दोष के मामले में, अभ्यर्थी को प्रश्न पुस्तिका और ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक को बदलने के लिए तुरंत अभिजागर को मामले की सूचना देनी चाहिए। परीक्षा प्रारम्भ होने के पाँच मिनट बाद इस संबंध में किसी भी दावे/आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा। इसके लिए अभ्यर्थी उत्तरदायी होगा।
2. ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक के पीछे दिए गए सभी निर्देश पढ़ें।
3. ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर केवल नीले बॉल प्वाइंट पेन का प्रयोग करें। कृपया, ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक में अपना रोल नंबर और अन्य जानकारी सही ढंग से भरें।
4. सभी प्रश्नों के अंक **समान** है। प्रत्येक गलत उत्तर के लिए प्रश्न का 1/3 अंक काटे जायेंगे।
5. यदि किसी प्रश्न के लिए एक से अधिक उत्तर अंकित किये जाते हैं तो उसे भी गलत उत्तर माना जायेगा।
6. प्रत्येक प्रश्न में पाँच विकल्प/गोले हैं। पहले चार विकल्प/गोले **A**, **B**, **C** और **D** उपयुक्त उत्तर से संबंधित हैं और पाँचवाँ विकल्प/गोला **'E'** 'अनुत्तरित प्रश्न' से संबंधित है।
7. सही उत्तर दर्शाने के लिए अभ्यर्थी को ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर संबंधित प्रश्न संख्या के पहले चार विकल्प **A**, **B**, **C** या **D** में से केवल एक विकल्प/गोले को नीले बॉल प्वाइंट पेन से भरना होगा। यदि अभ्यर्थी किसी प्रश्न का उत्तर नहीं देना चाहता है तो पाँचवें विकल्प/गोले **'E'** को गहरा करना होगा।
8. यदि पाँच विकल्पों में से कोई भी विकल्प/गोला गहरा नहीं किया गया तो प्रश्न का 1/3 भाग अंक काट लिया जायेगा।
9. 10 प्रतिशत से अधिक प्रश्नों में किसी भी विकल्प/गोले को अभ्यर्थी द्वारा गहरा नहीं किया गया तो उसे परीक्षा के लिए अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।
10. अभ्यर्थी को प्रत्येक प्रश्न के लिए कम से कम एक विकल्प/गोला भरा है या नहीं यह सुनिश्चित करने के लिए 10 मिनट अतिरिक्त दिए जाएँगे।
11. यदि प्रश्न के हिन्दी या अंग्रेजी संस्करण में मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकृति की किसी भी प्रकार की अस्पष्ट/गलती है, तो अंग्रेजी संस्करण को अंतिम माना जाएगा।
12. परीक्षा हॉल में मोबाईल फोन/ब्लूटूथ डिवाइस या किसी अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट का उपयोग सख्त वर्जित है। यदि किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी कोई प्रतिबंधित सामग्री पाई गई तो उसके विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**चेतावनी :** यदि कोई अभ्यर्थी नकल करते हुए पाया जाता है या अनुचित तरीके अपनाते हुए पाया जाता है या उसके पास कोई अनाधिकृत सामग्री पाई जाती है तो उसके खिलाफ पुलिस स्टेशन में एफ.आई.आर. दर्ज की जाएगी और वह राज्य सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम, 2022 और संशोधन अधिनियम 2023, (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम के अध्युपाय) के तहत मुकदमा चलाने के लिए उत्तरदायी होगा जिसमें 10 वर्ष से आजीवन कारावास तथा ₹ 10 करोड़ तक का प्रावधान है। उसे बोर्ड की भविष्य की सभी परीक्षाओं से स्थायी रूप से विवर्जित भी किया जा सकता है।

## INSTRUCTIONS

1. Before attempting the question paper, kindly check your Question Booklet (QB) and O.M.R. Answer Sheet and ensure that :
   - Serial number of Question Booklet (QB) and O.M.R. Answer Sheet is same.
   - All pages and all questions are properly printed.

   In case of any discrepancy/defect, the candidate should immediately report the matter to the Invigilator for replacement of Question Booklet (QB) and O.M.R. Answer Sheet. No claim/objection in this regard will be entertained after five minutes of start of examination, candidate will be liable for the same.
2. Read all instructions on the reverse of O.M.R. Answer Sheet.
3. On O.M.R. Answer Sheet, use blue ball point pen only. Please, fill your Roll No. and other information correctly in O.M.R. Answer Sheet.
4. All questions carry **equal** marks. For each wrong answer 1/3 mark of the question will be deducted.
5. If more than one response is marked for a question, it would also be treated as wrong answer.
6. Each question has five options/circles. First four options/circles **A**, **B**, **C** and **D** are related to appropriate answer and fifth option/circle **'E'** is related to 'Question not attempted'.
7. To indicate the correct answer, the candidate has to fill in only one option/circle **A**, **B**, **C** or **D** with blue ball point pen for respective question number on the OMR Answer Sheet. If the candidate does not want to answer any question then the fifth option/circle **'E'** should be darkened.
8. 1/3 part of the marks will be deducted for the questions, if none of the option/circle options are darkened.
9. If a candidate leaves more than 10 percent questions or does not darken any of the five options, he/she will be disqualified for the exam.
10. Candidate will be given 10 minutes extra to make sure, if he/she has filled up any one option/circle for each questions.
11. If there is any sort of ambiguity/mistake either of printing or factual in nature in Hindi or English version of questions, then the English Version will be treated as final.
12. Use of Mobile Phone/Bluetooth Device or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited. If any such prohibited material is found with any candidate, strict action will be taken against him/her as per rules.

**Warning :** If a candidate is found copying or using unfair means or if any unauthorized material is found in his/her possession, F.I.R. will be lodged against him/her in the Police Station and he/she would be liable to be prosecuted under State Public Examination (Measures for Preventions of Unfair Means in Recruitment) Act. 2022 and Amendment Act, 2023. The act has provisions of imprisonment of 10 years to life and fine up to ₹ 10 crore. Board may also debar him/her permanently from all future examinations conducted by the Board.

**इस परीक्षा पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए।**
**DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE ASKED TO DO SO.**

1. भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद मौलिक कर्तव्यों से संबंधित है ?

(A) अनुच्छेद 51 (B) अनुच्छेद 42 A
(C) अनुच्छेद 51 A (D) अनुच्छेद 244 A
(E) अनुत्तरित प्रश्न

2. एक विद्यालय में लड़कियों की संख्या, लड़कों की संख्या से 25% अधिक है तथा विद्यार्थियों की कुल संख्या 1620 है। यदि 60 और लड़कियाँ विद्यालय में प्रवेश लेती हैं तथा 80 लड़के विद्यालय छोड़ देते हैं, तो लड़कों की संख्या का लड़कियों की संख्या के साथ अनुपात होगा :

(A) 39 : 41 (B) 20 : 21
(C) 2 : 3 (D) 33 : 49
(E) अनुत्तरित प्रश्न

3. एकीकरण के 7 चरणों के दौरान, वृहद् (ग्रेटर) राजस्थान का गठन हुआ था :

(A) 30 मार्च 1952 (B) 30 मार्च 1949
(C) 30 मार्च 1950 (D) 30 मार्च 1951
(E) अनुत्तरित प्रश्न

4. आर.टी.आई. अधिनियम (2005) की निम्नलिखित में से किस धारा में सूचना के प्रकटीकरण से छूट का प्रावधान है ?

(A) धारा 12 (B) धारा 3
(C) धारा 4 (D) धारा 8
(E) अनुत्तरित प्रश्न

5. निम्नलिखित में से कौन-सा आभूषण राजस्थानी पुरुष अपने कानों में पहनते हैं ?

(A) मुंदरी (B) मुरकी
(C) हँसुली (D) चूँप
(E) अनुत्तरित प्रश्न

6. भारत की जनगणना (2011) के अनुसार, राजस्थान के निम्नलिखित में से किस जिले की जनसंख्या में दशकवार वृद्धि दर (2001-2011) प्रतिशत में सबसे कम थी ?

(A) श्रीगंगानगर (B) बाड़मेर
(C) करौली (D) दौसा
(E) अनुत्तरित प्रश्न

1. Which of the following Articles of the Constitution of India deals with the Fundamental Duties ?

(A) Article 51 (B) Article 42 A
(C) Article 51 A (D) Article 244 A
(E) Question not attempted

2. In a school, the number of girls is 25% more than that of boys and the total number of students is 1620. If 60 more girls are admitted and 80 boys leave the school, then the ratio of number of boys to that of girls will be :

(A) 39 : 41 (B) 20 : 21
(C) 2 : 3 (D) 33 : 49
(E) Question not attempted

3. During the 7 stages of its integration, Greater Rajasthan was formed on :

(A) 30$^{th}$ March 1952 (B) 30$^{th}$ March 1949
(C) 30$^{th}$ March 1950 (D) 30$^{th}$ March 1951
(E) Question not attempted

4. Which of the following sections of the RTI Act (2005) has the provision for exemption from disclosure of information ?

(A) Section 12 (B) Section 3
(C) Section 4 (D) Section 8
(E) Question not attempted

5. Which one of the following articles of jewellery is worn by Rajasthani men in their ears ?

(A) Mundri (B) Murki
(C) Hansuli (D) Choonp
(E) Question not attempted

6. As per the Census of India (2011), which of the following districts of Rajasthan had the lowest decadal population growth rate (2001-2011) in percentage ?

(A) Sriganganagar (B) Barmer
(C) Karauli (D) Dausa
(E) Question not attempted

7. भारतीय संविधान के अनुसार, जो व्यक्ति राज्य विधानमंडल का सदस्य नहीं है, उसे मंत्री नियुक्त किया जा सकता है, लेकिन यदि वह नियुक्ति की तिथि से ________ के भीतर राज्य विधानमंडल का सदस्य निर्वाचित नहीं होता है, तो उसे पद छोड़ना पड़ता है।

(A) 6 माह (B) 12 माह
(C) 8 माह (D) 15 माह
(E) अनुत्तरित प्रश्न

7. Under the Indian Constitution, a person who is not a member of the State Legislature may be appointed as a minister, but if he/she is not elected to the State Legislature within ________ from the date of appointment, he/she must vacate the office.

(A) 6 months (B) 12 months
(C) 8 months (D) 15 months
(E) Question not attempted

8. निम्नलिखित में से कौन-सा एक एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर **नहीं** है ?

(A) क्यू बेसिक
(B) एडोब फोटोशॉप
(C) जी आई एम पी
(D) एम.एस. वर्ड
(E) अनुत्तरित प्रश्न

8. Which of the following is **not** an Application Software ?

(A) Q BASIC
(B) Adobe Photoshop
(C) GIMP
(D) MS Word
(E) Question not attempted

9. 2011 की जनगणना के अनुसार, राजस्थान में ग्रामीण क्षेत्र में बालक/बालिका (0-6 आयु समूह) लिंगानुपात था :

(A) 911 (B) 874
(C) 892 (D) 933
(E) अनुत्तरित प्रश्न

9. In the rural area of the Rajasthan, the sex-ratio of (0-6 age group) of children (female/1000 males) in 2011 was :

(A) 911 (B) 874
(C) 892 (D) 933
(E) Question not attempted

10. भारत के संविधान का निर्माण करने वाली संविधान सभा में कितनी महिला सदस्य थीं ?

(A) 30 (B) 20
(C) 24 (D) 15
(E) अनुत्तरित प्रश्न

10. How many women members were part of the Constituent Assembly that formed the Constitution of India ?

(A) 30 (B) 20
(C) 24 (D) 15
(E) Question not attempted

11. कंप्यूटर विज्ञान परिभाषिक शब्दावली में, एस एम् टी पी (SMTP) का पूर्ण रूप है :

(A) सोर्स मेल ट्रांसफर प्रोटोकॉल
(B) सिंपल मेल ट्रांसफर प्रोटोकॉल
(C) सोर्स मेल ट्रांसपोर्ट प्रोटोकॉल
(D) सिंपल मेल ट्रांसपोर्ट प्रोटोकॉल
(E) अनुत्तरित प्रश्न

11. In computer science terminology, the full form of SMTP is :

(A) Source Mail Transfer Protocol
(B) Simple Mail Transfer Protocol
(C) Source Mail Transport Protocol
(D) Simple Mail Transport Protocol
(E) Question not attempted

12. निम्नलिखित में से कौन-सी चंबल नदी की सहायक नदी **नहीं** है ?

(A) माही (B) बनास

(C) पारबती (D) कालीसिंध

(E) अनुत्तरित प्रश्न

12. Which of the following rivers is **not** a tributary of the river Chambal ?

(A) Mahi (B) Banas

(C) Parbati (D) Kalisindh

(E) Question not attempted

13. निम्न में से कौन-सा राजस्थान में जैन समुदाय का सबसे बड़ा मेला है जो चंदनपुर गाँव में मनाया जाता है ?

(A) भर्तृहरि मेला

(B) डिग्गी कल्याणजी मेला

(C) श्री महावीरजी मेला

(D) कपिल मुनि मेला

(E) अनुत्तरित प्रश्न

13. Which of the following is the largest Jain fair in Rajasthan that is celebrated in Chandanpur village ?

(A) Bhartrihari Fair

(B) Diggi Kalyanji Fair

(C) Shri Mahavirji Fair

(D) Kapil Muni Fair

(E) Question not attempted

14. माइक्रोसॉफ्ट वर्ड (Microsoft Word) में चयनित टेक्स्ट का फ़ॉन्ट साइज बदलने के लिए फ़ॉन्ट साइज बॉक्स खोलने की शॉर्टकट कुंजी कौन-सी है ?

(A) Ctrl + V

(B) Ctrl + P

(C) Shift + F

(D) Ctrl + Shift + P

(E) अनुत्तरित प्रश्न

14. Which Shortcut key is used for opening the Font Size Box in Microsoft Word to change the Font Size of selected text ?

(A) Ctrl + V

(B) Ctrl + P

(C) Shift + F

(D) Ctrl + Shift + P

(E) Question not attempted

15. उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति के लिए, भारत का राष्ट्रपति निम्न से परामर्श करता है :

(A) केंद्रीय गृह मंत्री

(B) प्रधानमंत्री

(C) मुख्यमंत्री

(D) भारत के मुख्य न्यायाधीश

(E) अनुत्तरित प्रश्न

15. For appointment of the Chief Justice of a High Court, the President of India consults the :

(A) Union Home Minister

(B) Prime Minister

(C) Chief Minister

(D) Chief Justice of India

(E) Question not attempted

16. सिधमुख-वृहद् सिंचाई परियोजना, मुख्य रूप से राजस्थान के निम्नलिखित में से, किस क्षेत्र को लाभान्वित करती है ?

(A) भरतपुर (B) हनुमानगढ़

(C) बीकानेर (D) अलवर

(E) अनुत्तरित प्रश्न

16. The Sidhmukh-Major Irrigation Project primarily benefits which of the following regions in Rajasthan ?

(A) Bharatpur (B) Hanumangarh

(C) Bikaner (D) Alwar

(E) Question not attempted

17. वर्ष 2025 में राजस्थान से निम्नलिखित में से किसे पद्म श्री सम्मान प्राप्त हुआ है ?
(A) अवनि लेखरा
(B) मुन्ना मास्टर
(C) बेगम बतूल
(D) गुलाबो सपेरा
(E) अनुत्तरित प्रश्न

17. Who among the following is the Padma Shri awardee for the year 2025 from Rajasthan ?
(A) Avani Lekhara
(B) Munna Master
(C) Begum Batool
(D) Gulabo Sapera
(E) Question not attempted

18. एक विक्रेता ने दो वस्तुएँ ₹ 5,700 प्रत्येक में बेचीं। एक वस्तु पर उसे 14% का लाभ हुआ और दूसरी पर उसे 5% हानि हुई। इस सारे लेनदेन में उसे हुआ लाभ अथवा हानि प्रतिशत ज्ञात करें।
(A) हानि $3\frac{2}{11}$ %
(B) लाभ 11%
(C) लाभ $3\frac{7}{11}$ %
(D) लाभ $4\frac{1}{2}$ %
(E) अनुत्तरित प्रश्न

18. A dealer sold two items for ₹ 5,700 each. On one item he gained 14% and on the other item he lost 5%. Find his profit or loss percentage in the whole transaction.
(A) Loss $3\frac{2}{11}$ %
(B) Profit 11%
(C) Profit $3\frac{7}{11}$ %
(D) Profit $4\frac{1}{2}$ %
(E) Question not attempted

19. निम्नलिखित में से कौन-सी राजस्थानी चित्रकला की मुख्य विशेषताओं में शामिल **नहीं** है ?
निम्नलिखित विकल्पों में से **सबसे उपयुक्त** उत्तर चुनें :
(A) प्राकृतिक सौंदर्य और नारी सौंदर्य का सजीव चित्रण राजस्थानी चित्रकला को विशिष्ट पहचान देता है
(B) चित्रों में 'भक्ति' और 'शृंगार' दर्शाने में जीवंत रंगों का प्रयोग
(C) राजस्थानी चित्रकला का महलों, किलों, मंदिरों और हवेलियों में सार्वजनिक प्रदर्शन नहीं होता
(D) ऋतुओं और उनके मानव जीवन पर प्रभाव का श्रृंगारिक चित्रण
(E) अनुत्तरित प्रश्न

19. Which one of the following is **not** a main feature of Rajasthani painting ?
Choose the **most appropriate** answer from the options given below :
(A) Vivid depiction of natural as well as feminine beauty gives Rajasthani painting a distinct identity
(B) Use of vibrant colours in the portrayal of 'bhakti' and 'shringaar' in paintings
(C) Rajasthani painting is not publicly displayed in palaces, forts, temples and havelis
(D) The amatory (sringarik) depiction of seasons and their impact on human life
(E) Question not attempted

20. 15 जनवरी 2025 को सैनिक दिवस कहाँ मनाया गया ?
(A) गुवाहाटी
(B) पूणे
(C) दिल्ली
(D) बैंगलोर
(E) अनुत्तरित प्रश्न

20. Where was Army Day celebrated on 15 January 2025 ?
(A) Guwahati
(B) Pune
(C) Delhi
(D) Bangalore
(E) Question not attempted

21. भारत में किसी राज्य की विधान परिषद् का सदस्य बनने के लिए न्यूनतम आवश्यक आयु क्या है ?
(A) 45 वर्ष
(B) 25 वर्ष
(C) 30 वर्ष
(D) 35 वर्ष
(E) अनुत्तरित प्रश्न

21. What is the minimum age requirement to be a member of the Vidhan Parishad (Legislative Council) of a State in India ?
(A) 45 years
(B) 25 years
(C) 30 years
(D) 35 years
(E) Question not attempted

22. राजस्थान के महत्वपूर्ण संत, पीपा, मूल-रूप से निम्न स्थान के शासक थे :

(A) भानगढ़ (B) गागरोन

(C) लोहागढ़ (D) कुम्भलगढ़

(E) अनुत्तरित प्रश्न

22. The important saint of Rajasthan, Pipa, was originally a ruler of :

(A) Bhangarh (B) Gagron

(C) Lohagarh (D) Kumbhalgarh

(E) Question not attempted

23. निम्नलिखित में से कौन, राजस्थान में, कामड़िया पंथ के संस्थापक हैं ?

(A) देवनारायणजी

(B) मल्लिनाथजी

(C) पाबूजी

(D) रामदेवजी

(E) अनुत्तरित प्रश्न

23. Who among the following is the founder of the Kamadia Panth in Rajasthan ?

(A) Devnarayanji

(B) Mallinathji

(C) Pabuji

(D) Ramdevji

(E) Question not attempted

24. राजस्थान से संबंधित पहले व्यक्ति का नाम बताइए जिन्हें परम वीर चक्र से सम्मानित किया गया था ?

(A) कैप्टन विक्रम बत्रा

(B) कंपनी हवलदार मेजर पीरू सिंह

(C) नायक जादूनाथ सिंह

(D) द्वितीय लेफ्टिनेंट अरुण खेतरपाल

(E) अनुत्तरित प्रश्न

24. Name the first person who belonged to Rajasthan and he was awarded the Param Vir Chakra ?

(A) Captain Vikram Batra

(B) Company Havildar Major Piru Singh

(C) Naik Jadunath Singh

(D) Second Lieutenant Arun Khetarpal

(E) Question not attempted

25. जून 2025 में निम्नलिखित में से किसे राजस्थान लोक सेवा आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है ?

(A) भूपेन्द्र सिंह

(B) उत्कल रंजन साहू

(C) संगीता आर्य

(D) शिव सिंह राठौड़

(E) अनुत्तरित प्रश्न

25. Who among the following has been appointed as the Chairman of the Rajasthan Public Service Commission in June 2025 ?

(A) Bhupendra Singh

(B) Utkal Ranjan Sahoo

(C) Sangeeta Arya

(D) Shiv Singh Rathore

(E) Question not attempted

26. कागज पर मुद्रित अक्षरों और संख्याओं को पहचानने में सक्षम उपकरण कौन-सा है ?

(A) बी.सी.आर. (BCR)

(B) ओ.एम.आर. (OMR)

(C) ओ.सी.आर. (OCR)

(D) एस.एस.डी. (SSD)

(E) अनुत्तरित प्रश्न

26. Which device is able to recognize alphabets and numbers printed on paper ?

(A) BCR

(B) OMR

(C) OCR

(D) SSD

(E) Question not attempted

27. “बातां री फुलवारी” (लोक कथाओं का संग्रह) किसने लिखा था ?

(A) विजयदान देथा

(B) नथमल जोशी

(C) कन्हैयालाल सेठिया

(D) श्यामल दास

(E) अनुत्तरित प्रश्न

28. राजस्थान बजट 2025-26 के अनुसार, राज्य में कितने ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे के निर्माण की योजना बनाई गई है ?

(A) 20 (B) 15

(C) 8 (D) 9

(E) अनुत्तरित प्रश्न

29. A, B और C ने समान निवेश के साथ साझेदारी शुरू की। दो महीने बाद, B ने अपने निवेश की 50% राशि का और निवेश किया तथा C ने अपने निवेश की 20% राशि का और निवेश किया। वर्ष के अंत में यदि A को ₹ 22,800 लाभांश मिला, तो कुल लाभ ज्ञात करें।

(A) ₹ 81,700 (B) ₹ 78,600

(C) ₹ 79,500 (D) ₹ 80,920

(E) अनुत्तरित प्रश्न

30. राजस्थान वन विभाग की वार्षिक रिपोर्ट 2024-25 के अनुसार, निम्नलिखित क्षेत्रों में से किसमें कुल वन क्षेत्रफल, सर्वाधिक है ?

निम्नलिखित विकल्पों में से **सबसे उपयुक्त** उत्तर चुनें :

(A) टोंक (B) उदयपुर

(C) अजमेर (D) राजसमंद

(E) अनुत्तरित प्रश्न

31. राजस्थान में कौन सी नदी बेसिन अपने 10 उप-बेसिनों के लिए जाना जाता है ?

(A) माही (B) चम्बल

(C) बनास (D) लूनी

(E) अनुत्तरित प्रश्न

27. “Batan Ri Phulwari” (collection of folk tales) was written by :

(A) Vijaydan Detha

(B) Nathmal Joshi

(C) Kanhaiyalal Sethia

(D) Shyamal Das

(E) Question not attempted

28. According to the Rajasthan Budget 2025-26, how many greenfield expressways are planned to be constructed in the State ?

(A) 20 (B) 15

(C) 8 (D) 9

(E) Question not attempted

29. A, B and C entered into a partnership by making equal investments. After 2 months, B made an additional investment of 50% of his initial investment and C made an additional investment of 20% of his initial investment. If at the end of the year, A received ₹ 22,800 as his share in the profit, then find the total profit.

(A) ₹ 81,700 (B) ₹ 78,600

(C) ₹ 79,500 (D) ₹ 80,920

(E) Question not attempted

30. According to Rajasthan Forest Department Annual Report 2024-25, which of the following regions has maximum total forest area ?

Choose the **most appropriate** answer from the options given below :

(A) Tonk (B) Udaipur

(C) Ajmer (D) Rajsamand

(E) Question not attempted

31. Which river basin in Rajasthan is known for its 10 sub-basins ?

(A) Mahi (B) Chambal

(C) Banas (D) Luni

(E) Question not attempted

32. दो वर्ष पूर्व, विनय तथा आशु की आयु में 3 : 4 का अनुपात था। एक वर्ष पश्चात उनकी आयु में 7 : 9 का अनुपात होगा। आशु की वर्तमान आयु क्या है ?

(A) 27 वर्ष (B) 25 वर्ष

(C) 26 वर्ष (D) 24 वर्ष

(E) अनुत्तरित प्रश्न

32. Two years ago, the ratio of ages of Vinay and Ashu was 3 : 4. One year hence, the ratio of their ages will be 7 : 9. What is the present age of Ashu ?

(A) 27 years (B) 25 years

(C) 26 years (D) 24 years

(E) Question not attempted

33. अरावली पर्वतमाला के किस भाग में तारागढ़ पर्वत चोटी स्थित है ?

(A) दक्षिण-पूर्वी पठारी क्षेत्र

(B) मध्य अरावली क्षेत्र

(C) दक्षिणी अरावली क्षेत्र

(D) उत्तरी अरावली क्षेत्र

(E) अनुत्तरित प्रश्न

33. In which part of the Aravalli range, is the Taragarh mountain peak, located ?

(A) South-Eastern Plateau Region

(B) Central Aravalli Region

(C) Southern Aravalli Region

(D) Northern Aravalli Region

(E) Question not attempted

34. निम्नलिखित में से किसने राजस्थान के कोटा में 1857 की क्रांति का नेतृत्व किया था ?

(A) राम गोपाल सिंह खरवा

(B) कुशल सिंह

(C) हरदयाल सिंह

(D) मेहराब खान

(E) अनुत्तरित प्रश्न

34. Who among the following led the Revolt of 1857 in Kota, Rajasthan ?

(A) Ram Gopal Singh Kharwa

(B) Kushal Singh

(C) Hardayal Singh

(D) Mehrab Khan

(E) Question not attempted

35. लाल मृदा का लाल रंग, मुख्यत: निम्न की उपस्थिति के कारण होता है :

(A) कैल्शियम कार्बोनेट

(B) सोडियम नाइट्रेट

(C) लोहे के ऑक्साइड

(D) नाइट्रोजन के ऑक्साइड

(E) अनुत्तरित प्रश्न

35. The red colour of red soil is primarily due to the presence of :

(A) Calcium carbonate

(B) Sodium nitrate

(C) Oxides of iron

(D) Oxides of nitrogen

(E) Question not attempted

36. राजस्थान में कोलाना हवाई अड्डा कहाँ स्थित है ?

(A) झालावाड़ (B) नागौर

(C) सीकर (D) टोंक

(E) अनुत्तरित प्रश्न

36. Where in Rajasthan is the Kolana Airport located ?

(A) Jhalawar (B) Nagaur

(C) Sikar (D) Tonk

(E) Question not attempted

37. राजस्थान अपनी सीमा निम्नलिखित में से किस राज्य/संघ राज्य-क्षेत्र के साथ साझा करता है ?

(A) हिमाचल प्रदेश (B) पंजाब

(C) महाराष्ट्र (D) दिल्ली

(E) अनुत्तरित प्रश्न

37. Rajasthan shares its boundary with which one of the following States/Union Territories ?

(A) Himachal Pradesh (B) Punjab

(C) Maharashtra (D) Delhi

(E) Question not attempted

38. राजस्थान का, निम्नलिखित में से कौन-सा जिला पाकिस्तान के साथ सीमा साझा **नहीं** करता है ?

(A) श्रीगंगानगर (B) बाड़मेर

(C) बीकानेर (D) फलोदी

(E) अनुत्तरित प्रश्न

38. Which of the following districts of Rajasthan does **not** share a border with Pakistan ?

(A) Sriganganagar (B) Barmer

(C) Bikaner (D) Phalodi

(E) Question not attempted

39. राजस्थान के उत्तरी मेवाड़ क्षेत्र में स्त्री और पुरुषों द्वारा एक साथ गाया जाने वाला विख्यात लोकगीत 'हमसीढो' किस समुदाय से संबंधित है ?

(A) गरासिया (B) मीना

(C) सहरिया (D) भील

(E) अनुत्तरित प्रश्न

39. The famous folk song 'Humseedo' sung by both males and females together in the Northern Mewar region of Rajasthan, belongs to which community ?

(A) Garasia (B) Meena

(C) Sahariya (D) Bhil

(E) Question not attempted

40. निम्नलिखित में से कौन नियमित श्रेणी में खेलकूद और खेलों में उत्कृष्ट प्रशिक्षकों के लिए 2024 में द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किए गए है ?

(A) जर्मनप्रीत सिंह

(B) ज्योति यार्राजी

(C) संदीप सांगवान

(D) अन्नू रानी

(E) अनुत्तरित प्रश्न

40. Who among the following is the recipient of Dronacharya Award for outstanding coaches in Sports and Games - 2024 under regular category ?

(A) Jarmanpreet Singh

(B) Jyothi Yarraji

(C) Sandeep Sangwan

(D) Annu Rani

(E) Question not attempted

41. 1428 में कौन-सी छोटी से छोटी संख्या को जोड़ने पर प्राप्त संख्या 3, 4, 5 और 6 से पूर्णत: विभाज्य होगी ?

(A) 9 (B) 12

(C) 15 (D) 18

(E) अनुत्तरित प्रश्न

41. What is the least number which should be added to 1428, to get the resulting number exactly divisible by 3, 4, 5 and 6 ?

(A) 9 (B) 12

(C) 15 (D) 18

(E) Question not attempted

42. "नगाड़ा" निम्नलिखित में से संगीत वाद्ययंत्रों की किस श्रेणी के अंतर्गत वर्गीकृत किया जाता है ?

(A) कम्पनस्वरी वाद्य (इडियोफोन)

(B) तंत्री वाद्य (कॉर्डोफोन)

(C) वायु वाद्य (एयरोफोन)

(D) झिल्ली वाद्य (मेम्ब्रेनोफोन)

(E) अनुत्तरित प्रश्न

42. The "Nagara" is classified under which of the following categories of musical instruments ?

(A) Idiophone

(B) Chordophone

(C) Aerophone

(D) Membranophone

(E) Question not attempted

43. निम्नलिखित में से किस अभिकारक युग्म के बीच अभिक्रिया के परिणामस्वरूप विस्थापन अभिक्रिया होगी ?

(A) NaCl विलयन और तांबा धातु

(B) $FeSO_4$ विलयन और तांबा धातु

(C) $AgNO_3$ विलयन और तांबा धातु

(D) $CuSO_4$ विलयन और चांदी धातु

(E) अनुत्तरित प्रश्न

43. The reaction between which of the following pairs of reactants, will result in a displacement reaction ?

(A) NaCl solution and Copper metal

(B) $FeSO_4$ solution and Copper metal

(C) $AgNO_3$ solution and Copper metal

(D) $CuSO_4$ solution and Silver metal

(E) Question not attempted

44. निम्नलिखित में से किसने, राजस्थान के मुख्यमंत्री के रूप में तीन बार शपथ ली थी ?

(A) जगन्नाथ पहाड़िया

(B) हीरालाल शास्त्री

(C) टीका राम पालीवाल

(D) भैरों सिंह शेखावत

(E) अनुत्तरित प्रश्न

44. Who among the following, had taken oath three times, as the Chief Minister of Rajasthan ?

(A) Jagannath Pahadia

(B) Heera Lal Shastri

(C) Tika Ram Paliwal

(D) Bhairon Singh Shekhawat

(E) Question not attempted

45. निम्नलिखित में से किस भारतीय राज्य में वर्तमान में द्विसदनी विधानमंडल **नहीं** है ?

(A) हरियाणा (B) तेलंगाना

(C) बिहार (D) कर्नाटक

(E) अनुत्तरित प्रश्न

45. Which of the following Indian States currently does NOT have a bicameral legislature ?

(A) Haryana (B) Telangana

(C) Bihar (D) Karnataka

(E) Question not attempted

46. 'प्रत्यक्ष' का विलोम शब्द है :

(A) परोक्ष (B) सापेक्ष

(C) आक्षेप (D) निरपेक्ष

(E) अनुत्तरित प्रश्न

47. सरकारी पत्र में संबोधन के लिए इनमें से किसका प्रयोग किया जाता है ?

(A) महोदय (B) भवदीय

(C) आपका (D) प्रियवर

(E) अनुत्तरित प्रश्न

48. 'आँख का अंधा नाम नयनसुख' लोकोक्ति का अर्थ है :

(A) अंधे व्यक्ति का ईमानदार होना

(B) गुणों के विरुद्ध नाम होना

(C) गुणों के साथ अंधा होना

(D) अंधे व्यक्ति का गुणी होना

(E) अनुत्तरित प्रश्न

49. निम्नलिखित में से विदेशज शब्द है :

(A) चिड़िया (B) इंजन

(C) तेंदुआ (D) पगड़ी

(E) अनुत्तरित प्रश्न

50. निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य, 'हेतुहेतुमद् भूतकाल' का उदाहरण है ?

(A) लड़के ने पुस्तक पढ़ी है ।

(B) राधा पुस्तकालय में पढ़ती है ।

(C) वह आया और मुरारी को गले मिला ।

(D) मैं पढ़ता, लेकिन पुस्तक खो गई ।

(E) अनुत्तरित प्रश्न

51. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य है :

(A) साहित्य और जीवन का घनिष्ठ संबंध है ।

(B) मेरे लिए ठंडी बर्फ और गर्म आग लाओ ।

(C) उसने सुन्दर खाना पकाया ।

(D) मेरे को विज्ञान समझ नहीं आता ।

(E) अनुत्तरित प्रश्न

52. "बारात को खाना खिलाने के लिए क्विंटल-भर अनाज चाहिए।"—इस वाक्य में कौन-सा विशेषण प्रयुक्त हुआ है ?

(A) सार्वनामिक विशेषण

(B) संख्यावाचक विशेषण

(C) परिमाणवाचक विशेषण

(D) गुणवाचक विशेषण

(E) अनुत्तरित प्रश्न

53. **सूची**-1 का **सूची**-2 के साथ मिलान कीजिए :

| **सूची-1 (सर्वनाम)** | | **सूची-2 (सार्वनामिक वाक्य)** | |
|---|---|---|---|
| (a) | पुरुषवाचक सर्वनाम | (i) | देखो तो कौन आया है ? |
| (b) | अनिश्चयवाचक सर्वनाम | (ii) | मैं अपने आप चला जाऊँगा । |
| (c) | प्रश्नवाचक सर्वनाम | (iii) | कुछ दे दीजिए । |
| (d) | निजवाचक सर्वनाम | (iv) | आजकल वह शांत रहता है । |

नीचे दिए गए विकल्पों में से **सबसे उपयुक्त** उत्तर का चयन कीजिए :

(A) (a)-(ii), (b)-(iv), (c)-(iii), (d)-(i)

(B) (a)-(iv), (b)-(iii), (c)-(i), (d)-(ii)

(C) (a)-(iii), (b)-(i), (c)-(ii), (d)-(iv)

(D) (a)-(iv), (b)-(iii), (c)-(ii), (d)-(i)

(E) अनुत्तरित प्रश्न

54. 'परीक्षित' शब्द के लिए उचित वाक्यांश है :

(A) जो दूसरों की परीक्षा लेता हो

(B) जिसकी परीक्षा ली जा चुकी हो

(C) जिसकी कभी परीक्षा नहीं ली गई हो

(D) जो परीक्षा के योग्य न हो

(E) अनुत्तरित प्रश्न

55. निम्नलिखित शब्दों में से 'अरण्य' शब्द का पर्यायवाची **नहीं** है :

(I) वन

(II) कानन

(III) गगन

(IV) जंगल

(V) तिमिर

नीचे दिए गए विकल्पों में से **सबसे उपयुक्त** उत्तर का चयन कीजिए :

(A) केवल (I) और (IV)

(B) केवल (II) और (IV)

(C) केवल (I) और (II)

(D) केवल (III) और (V)

(E) अनुत्तरित प्रश्न

56. निम्नलिखित में से कौन-सा तत्सम शब्द **नहीं** है ?

(A) वत्स (B) मयूर

(C) खीर (D) अग्नि

(E) अनुत्तरित प्रश्न

57. निम्नलिखित में से किस वाक्य में सकर्मक क्रिया का प्रयोग **नहीं** हुआ है ?

(A) मेरा दिल घबराता है।

(B) मोहन क्रिकेट खेलता है।

(C) वह विज्ञान पढ़ाता है।

(D) बच्चा गीत गा रहा है।

(E) अनुत्तरित प्रश्न

58. 'देव + ईश' की संधि होगी :

(A) दैवेश (B) देवीश

(C) देवेश (D) देवंश

(E) अनुत्तरित प्रश्न

59. 'लौकिक' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय है :

(A) इक (B) ईक

(C) एक (D) क

(E) अनुत्तरित प्रश्न

60. 'जूतियाँ चटकाना' मुहावरे का अर्थ है :

(A) घर में जूतों का ढेर लगाना

(B) काम में मन न लगाना

(C) जूतों को इधर-उधर फेंकना

(D) व्यर्थ इधर-उधर घूमना

(E) अनुत्तरित प्रश्न

61. 'GLOBALIZATION' के लिए उपयुक्त हिंदी शब्द है :

